सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 12 अंक : 35 | इंदौर, मंगलवार 25 अगस्त, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## बातबेबाक़ !

बाबा-बॉबी लड़ गए
बना दु:खद संयोग
बात योग की छोड़कर
कहते व्यर्थ वियोग
कहते व्यर्थ वियोग







## Headline

1. UP: 'हिजाब इस्लामिक आस्था का जरूरी हिस्सा नहीं', हाईकोर्ट से छात्रा को बड़ा झटका
2. जयशंकर की रूस यात्रा: लावरोव से लंबी बातचीत, पुतिन को सौंपा पीएम मोदी का संदेश; SCO-ब्रिक्स पर भी अहम चर्चा
3. बाबा नीब करौरी की जन्मस्थली पर विवाद: छह पोतियों ने डीएम को पत्र लिख की ये मांग, प्रशासनिक ट्रस्ट का प्रस्ताव रखा

● 2700 रुपये समर्थन मूल्य पर होगी गेहूं की खरीद

# शून्य प्रतिशत ब्याज कर्ज चुकाने की समय सीमा जुलाई तक बढ़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

दतिया, एजेंसी। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घोषणा की कि सरकार किसानों से 2,700 रुपये प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद करेगी। साथ ही, खाद और बीज के कृषि ऋण को अब 31 मार्च की पुरानी समय सीमा के स्थान पर जून और जुलाई महीने में शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर जमा किया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिला स्तरीय बलराम कृषि महोत्सव के दौरान किसानों को आधुनिक तकनीक अपनाकर खेती को लाभप्रद बनाने का संदेश दिया। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किसानों के साथ सीधा संवाद करते हुए स्पष्ट किया कि खेती को घाटे का सौदा न समझें, बल्कि इसे उन्नत तकनीकों के माध्यम से बेहतर आमदनी का साधन बनाएं। मुख्यमंत्री ने किसानों से कृषि भूमि न बेचने का आग्रह करते हुए कहा कि आने वाला समय किसानों के जीवन में समृद्धि लेकर आएगा।



### समर्थन मूल्य और बिजली आपूर्ति की घोषणा

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस वर्ष प्रदेश में 104 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई है। उन्होंने कहा, आगामी समय में सरकार किसानों से 2,700 रुपये प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद करेगी। प्रदेश में धान की औसत पैदावार में सुधार हुआ है और यह 32 से बढ़कर 36 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तक पहुंच गई है। इसके अतिरिक्त, गेहूं और चने की फसल की निर्बाध सिंचाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किसानों को दिन के समय भी बिजली उपलब्ध कराई जाएगी।

### ऋण अदायगी सीमा में राहत और विविधीकरण

किसानों को वित्तीय राहत देते हुए मुख्यमंत्री ने एलान क?या कि खाद और बीज के लिए लिए गए कृषि ऋण को अब 31 मार्च की पुरानी समय सीमा के स्थान पर जून और जुलाई महीने में शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर जमा किया जा सकेगा। उन्होंने कृषकों को पारंपरिक खेती के साथ-साथ पशुपालन, दुग्ध उत्पादन तथा उद्यानिकी जैसी गतिविधियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

### आधुनिक कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी और नवाचार

महोत्सव के दौरान आयोजित कृषि प्रदर्शनी में कुल 16 स्टॉल लगाए गए, जो किसानों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बने रहे। इन स्टॉलों पर रीपर कम बाइंडर, डीएसआर मशीन, हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, स्मार्ट सीडर, स्ट्रॉ रीपर, थ्रेशर, लेजर लैंड लेवलर और रोटावेटर जैसे आधुनिक कृषि यंत्रों को प्रदर्शित किया गया। विशेषज्ञों ने किसानों को प्राकृतिक और जैविक खेती के तरीकों, नवीन कृषि पद्धतियों और फसल उत्पादन बढ़ाने की आधुनिक तकनीकों से अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

# धार में चलती बस बनी आग का गोला : जान बचाने के लिए खिड़कियों से कूदे यात्री, सामान जलकर खाक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**धार, एजेंसी। गुजरात के सूरत से उत्तर प्रदेश के कानपुर जा रही एक यात्री बस में मंगलवार देर रात करीब 1:10 बजे अचानक भीषण आग लग गई। हादसा धार जिले के सरदारपुर नगर स्थित भोपावर चौकी के पास हुआ। बस में धुआं उठता देख चालक वाहन को रास्ते में ही छोड़कर मौके से फरार हो गया।**

धुआं भरते ही बस के अंदर चीख-पुकार और अफरा-तफरी मच गई। जान बचाने के लिए कई यात्री मुख्य दरवाजे से बाहर भागे, तो कई यात्रियों को खिड़कियों के कांच तोड़कर बाहर कूदना पड़ा। हादसे में कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं, वहीं ज्यादातर यात्रियों का कीमती सामान, नकदी और कपड़े जलकर खाक हो गए।

### पुलिस ने संभाला मोर्चा, डायवर्ट किया ट्रैफिक

सूचना मिलते ही सरदारपुर एसडीओपी विश्वदीप सिंह परिहार और थाना प्रभारी अनिल जाधव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सुरक्षा के मद्देनजर मार्ग का एक हिस्सा बंद कराकर यातायात को दूसरी ओर से निकाला। दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक बस (क्रमांक UP 83 BT 3947) पूरी तरह जल चुकी थी।

### दाहोद में 4 घंटे कराया गया था बस का काम

यात्रियों ने बताया कि सूरत और गुजरात के अन्य शहरों से रवाना हुई इस बस को दाहोद के पास एक होटल पर करीब चार घंटे रोककर कुछ तकनीकी मरम्मत कराई गई थी। इसके बाद ही बस को आगे के सफर के लिए रवाना किया गया था।



### मां ने खिड़की से फेंका आठ साल का मासूम

कानपुर निवासी यात्री नीलम पाल ने आपबीती सुनाते हुए बताया कि वे अपने 8 वर्षीय बेटे के साथ गांव जा रही थीं। धुआं भरते ही उन्होंने सूझबूझ दिखाते हुए पहले अपने मासूम बेटे को खिड़की से बाहर निकाला और फिर खुद बाहर कूदकर जान बचाई। हालांकि, बैग में रखे रुपये, चांदी की पायजेब और कपड़े जल गए।

### यात्रियों को दूसरी बसों से किया रवाना

हादसे के बाद पुलिस प्रशासन ने मुस्तैदी दिखाते हुए इंदौर की ओर जाने वाली अन्य यात्री बसों को रुकवाया। प्रभावित यात्रियों को उनकी आवश्यकता और गंतव्य के अनुसार दूसरी बसों में बैठाकर आगे रवाना करने की व्यवस्था की गई।

**सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों में लापरवाही**

# पांच अधिकारी-कर्मचारियों पर कार्रवाई

## *तीन अधिकारी-कर्मचारियों पर अर्थदंड, एक लेखापाल निलंबित तथा स्कूल की प्राचार्य को शोकाज नोटिस*

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। कलेक्टर शिवम वर्मा ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा के पत्रों के निराकरण (टीएल) की समीक्षा बैठक ली। बैठक में सीएम हेल्पलाइन के तहत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की विभागवार समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि 50 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निराकृत किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें। शिकायतों के निराकरण में अनावश्यक विलंब अथवा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी की जवाबदेही तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर श्री वर्मा ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज आवेदनों में से पांच प्रकरणों का रेण्डम रूप से चयन कर उनके निराकरण की स्थिति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान शिकायतों के निराकरण में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए। पेयजल संबंधी शिकायत के निराकरण में लापरवाही पाए जाने पर नगर विकास एवं आवास विभाग के सब इंजीनियर आकाश ऐरवाल तथा बिजली कनेक्शन संबंधी शिकायत में लापरवाही पाए जाने पर ऊर्जा विभाग के सहायक यंत्री राहुल सिंह चंदेल पर 5-5 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया। इसी प्रकार स्कूल शिक्षा विभाग में नियुक्ति दिनांक गलत दर्ज करने तथा स्वत्वो का भुगतान समय पर नहीं करने संबंधी शिकायत में लापरवाही पाए जाने पर लेखापाल मुकुंद जमरा को निलंबित करने तथा प्राचार्य श्रीमती शबाना शेख को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए। प्रसूति सहायता योजना संबंधी शिकायत के निराकरण में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस.के. सिसोदिया पर 2 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया।

कलेक्टर श्री वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को केवल औपचारिक रूप से बंद न किया जाए, बल्कि शिकायतकर्ता की समस्या का वास्तविक एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी नियमित रूप से लंबित शिकायतों की समीक्षा करें तथा अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। बैठक में इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाड़े, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु प्रजापति, अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार, रिंकेश वैश्य, नगर निगम अपर आयुक्त प्रखर सिंह तथा श्रृंगार श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।




### उद्योग विहीन ग्राम पंचायतों में उद्योग स्थापित करने की पहल की समीक्षा

कलेक्टर श्री वर्मा ने जिले की उद्योग विहीन ग्राम पंचायतों में उद्योग स्थापित करने के अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसी ग्राम पंचायतों में स्थानीय संसाधनों, उपलब्ध भूमि, अधोसंरचना तथा स्थानीय युवाओं की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए रोजगारपरक गतिविधियों एवं उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से पात्र हितग्राहियों एवं संभावित उद्यमियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

### जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा

बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री वर्मा ने अभियान के अंतर्गत जल स्रोतों के संरक्षण, संवर्धन एवं पुनर्जीवन के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराया जाए तथा ग्राम पंचायतवार प्रगति की नियमित समीक्षा की जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जल स्रोतों की साफ-सफाई, गहरीकरण एवं आवश्यकतानुसार मरम्मत के कार्य सुनिश्चित करने तथा अभियान में जनभागीदारी बढ़ाने के निर्देश भी दिए।

### बेसमेंट में पार्किंग सुनिश्चित करने के अभियान की समीक्षा

बैठक में बेसमेंट में पार्किंग सुनिश्चित करने के लिए चलाए जा रहे अभियान की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि बेसमेंट का उपयोग पार्किंग के लिए ही सुनिश्चित कराया जाए। नियमों का उल्लंघन करने वाले भवनों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए तथा यातायात व्यवस्था को प्रभावित करने वाले मामलों में विशेष प्राथमिकता से कार्रवाई सुनिश्चित की जाए

---

**पीडीएस उपभोक्ता बच्चों का केवाईसी नहीं करना दुकानदार को पड़ा भारी**

## महालक्ष्मी महिला प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भण्डार द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान निलंबित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। पीडीएस हितग्राही के बच्चों की ई-केवाईसी नहीं करने, राशन से वंचित रखने तथा उपभोक्ता से अभद्र व्यवहार एवं मारपीट करने के मामले में जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देश पर की गई जांच के बाद महालक्ष्मी महिला प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भण्डार मर्यादित, इंदौर द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान कोड क्रमांक 0809302 को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

प्राप्त शिकायत पर कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने जिला आपूर्ति नियंत्रक को तत्काल जांच दल भेजकर मामले की जांच के निर्देश दिए थे। जिला स्तर से गठित संयुक्त जांच दल द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच की गई तथा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

जिला आपूर्ति नियंत्रक श्री एम.एल. मारू ने बताया कि जांच दल के प्रतिवेदन में दुकान पर स्टॉक एवं भाव सूची बोर्ड संधारित नहीं करने, निगरानी समिति का बोर्ड प्रदर्शित नहीं करने, अनधिकृत व्यक्ति द्वारा राशन सामग्री का वितरण करने, हितग्राहियों की ई-केवाईसी करने से लगातार मना करने तथा बच्चों की ई-केवाईसी नहीं कर उन्हें राशन से वंचित रखने जैसी



अनियमितताएं पाई गईं। इसके साथ ही उपभोक्ता के साथ अभद्र व्यवहार एवं मारपीट करने तथा हितग्राही से राशन सामग्री के पैसे लिए जाने की गंभीर शिकायतें भी जांच में सामने आई हैं।

इन गंभीर अनियमितताओं के पाए जाने पर महालक्ष्मी महिला प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भण्डार मर्यादित, इंदौर द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान कोड क्रमांक 0809302 के विक्रेता श्रीमती रजनी यादव तथा नामिनी-1 श्री आशुतोष एवं नामिनी-2 श्री पराग अग्रवाल के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। साथ ही शासकीय उचित मूल्य दुकान का प्राधिकार पत्र तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने कहा है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में हितग्राहियों को निर्धारित मात्रा एवं नियमानुसार राशन उपलब्ध कराने में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता अथवा हितग्राहियों के साथ दुर्व्यवहार को गंभीरता से लिया जाएगा तथा दोषी पाए जाने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

---

**इंदौर जिला प्रशासन की अनूठी डिजिटल पहल**

# सरकारी सेवाएं अब एक चैट पर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सुशासन के संकल्प को साकार करते हुए इंदौर जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों को शासकीय सेवाओं की जानकारी एवं सुविधाएं सरल, त्वरित और डिजिटल माध्यम से उपलब्ध कराने की दिशा में अभिनव पहल की गई है। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में प्रारंभ की गई एआई चैटबॉट एवं व्हाट्सएप सेवा अब नागरिकों के लिए शासकीय सेवाओं तक पहुंच का आसान और सुविधाजनक माध्यम बन रही है।**

इस डिजिटल पहल के माध्यम से नागरिक व्हाट्सएप नंबर 9407035437 पर संपर्क कर विभिन्न शासकीय सेवाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं तथा वर्तमान में उपलब्ध 41 सेवाओं तक आसानी से पहुंच बना सकते हैं। खास बात यह है कि लॉन्च के प्रारंभिक चरण में जहां लगभग 1,200 उपयोगकर्ता इससे जुड़े थे, वहीं अब इसकी पहुंच बढ़कर 6,897 सक्रिय उपयोगकर्ताओं तक पहुंच गई है। उपलब्ध सेवाओं का अब तक 1,055 बार उपयोग किया जा चुका है।

### एक ही प्लेटफॉर्म पर अनेक शासकीय सेवाओं की जानकारी

AI चैटबॉट के माध्यम से नागरिकों को शासकीय सेवाओं की जानकारी प्राप्त करने के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता कम होगी। डिजिटल माध्यम से सेवाओं की जानकारी उपलब्ध होने से समय की बचत के साथ ही नागरिकों को सुविधाजनक और त्वरित सेवा प्राप्त होगी।

जिला प्रशासन द्वारा इस सेवा को लगातार विस्तार देने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। आगामी चरण में दुकान/संस्थान स्थापना का पंजीयन, भू-अधिकार पुस्तिका का प्रथम बार प्रदाय, मुख्यमंत्री जन कल्याण (संबल 2.0) योजना में पंजीयन, नगरीय एवं ग्रामीण निकाय मतदाता सूची की सत्य प्रतिलिपि, रोजगार कार्यालय में पंजीयन एवं नवीनीकरण तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत डुप्लीकेट पात्रता पर्ची जैसी सेवाओं को भी चैटबॉट से जोड़ने की योजना है।

### डिजिटल सुशासन की दिशा में इंदौर की नई पहचान

इंदौर जिला प्रशासन की यह पहल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जन-केंद्रित सुशासन, तकनीक के प्रभावी उपयोग और शासकीय सेवाओं को नागरिकों के लिए सहज एवं सुलभ बनाने के संकल्प को जमीन पर उतारने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में प्रारंभ हुई यह व्यवस्था प्रशासन और नागरिकों के बीच संवाद को और अधिक सरल एवं प्रभावी बनाने के साथ डिजिटल सुशासन को नई गति दे रही है। यह AI चैटबॉट ई-सॉफ्ट टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड मुंबई द्वारा कोटक महिंद्रा बैंक के सौजन्य से तैयार किया गया है।

---

# मोबाइल झपटमारी के 4 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। तेजाजी नगर पुलिस ने मोबाइल लूट की वारदात करने वाले 4 आरोपियों को पकड़ा है। आरोपियों के पास से लूटे गए मोबाइल, ऑटो रिक्शा और बाइक जब्त की गई है। नशे के लिए सभी आरोपी वारदात करते थे। हालांकि, इस मामले में आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। टीआई देवेंद्र मरकाम की टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ऑटो रिक्शा में घूमने वाले कुछ युवक मोबाइल लूट की वारदातें करते हैं। टीआई ने टीम तैयार करते हुए उनकी जानकारी निकाली। इसके बाद कैलोद फाटा सर्विस रोड से उन्हें पकड़ लिया। पूछताछ में उन्होंने 16 मोबाइल लूटना कबूल किया है। हालांकि, लूटे गए मोबाइल के मामले में किन थानों में एफआईआर दर्ज है, पुलिस इसकी जानकारी जुटा रही है। सभी आरोपी नशा करने के आदी हैं। बाणगंगा पुलिस ने एक चोरी के मामले में एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक, कैलाश नाम के एक व्यक्ति की लोटस पार्क कॉलोनी के पास खड़ी एक्टिवा की डिक्की उचकाकर एक बैग निकाला गया था।

# अधिकारियों के निरीक्षण की रिपोर्ट पर मिलेंगे शीघ्र परिणाम

## आगामी त्यौहारों के मद्देनजर संभागायुक्त व आईजी ने की कानून व्यवस्था की समीक्षा

● संभागायुक्त श्री लक्षकार ने संभाग के सभी कलेक्टर्स, जिला पंचायत सीईओ और संभागीय अधिकारियों को परख ऐप का दिया प्रशिक्षण



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शासकीय संस्थाओं में अधिकारियों द्वारा समय-समय पर किए जाने वाले निरीक्षणों के परिणाम अब जल्द ही निराकरण में सामने आयेंगे। इसके लिए शासन द्वारा परख ऐप तैयार किया गया है। जिसके माध्यम से कलेक्टर द्वारा निगरानी कर संस्था की वस्तुस्थिति सामने होगी। इसके लिए हर विभाग की प्रकृति के अनुसार प्रश्नावली तैयार है। इस प्रश्नावली में निरीक्षण की वस्तुस्थिति दर्ज होगी। यह स्थिति एप के कलेक्टर डेशबोर्ड पर दिखाई देगी। इसके बाद कलेक्टर द्वारा आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। आज इस संबंध में संभागायुक्त श्री भास्कर लक्षकार ने संभाग के सभी कलेक्टर्स, जिला पंचायत सीईओ और संभागीय अधिकारियों को परख ऐप का प्रशिक्षण दिया।

प्रशिक्षण में संभागायुक्त श्री लक्षकार ने कहा कि मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान-2026 के तहत विभिन्न स्तरों पर किये जा रहे कार्यों से निगरानी की जा रही है। इस निगरानी से हितग्राहियों और सामुदायिक संस्थाओं की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। इसकी समीक्षा रिपोर्ट भी तैयार की जा रही है।

### संस्थाओं की वस्तुस्थिति व ताजा हाल होगा कलेक्टर डेशबोर्ड पर

परख ऐप पर निरीक्षण करने वाले ब्लॉक स्तर से जिला और संभाग स्तर के अधिकारी को इंट्री दर्ज करनी है। इस ऐप की खासियत है कि यह जीआईएस बेस्ड है, इससे किसी भी गांव में मौजूद सभी शासकीय संस्थाओं की इंट्री है। निरीक्षण के बाद पूरी वस्तुस्थिति सामने होगी। यानी स्कूल में कितने कमरे है, शिक्षक कितने है, स्टूडेंट कितने है, पानी और शौचालय की व्यवस्था है या नहीं? सभी प्रकार की जानकारी के आधार पर कलेक्टर द्वारा त्वरित रूप से संबंधित संस्था प्रमुख पर कार्यवाही के साथ ही आवश्यक सुधार की कार्यवाही तत्परता से कर सकेंगे।

प्रशिक्षण में संभागायुक्त कार्यालय इंदौर से क्षेत्रीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य डॉ. शोजी जोसेफ, संयुक्त संचालक शिक्षा श्रीमती अनिता चौहान, संयुक्त संचालक जनजातीय कार्य विभाग श्री गणेश भाभर, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती सुनीता यादव, संयुक्त आयुक्त विकास श्रीमती शिवानी वर्मा शामिल हुए। बैठक में वीडियो कान्फ्रेंसिंग से इंदौर संभाग के जिलों के कलेक्टर्स, जिला पंचायत के सीईओ और अन्य संबंधित अधिकारी जुड़े। संभागायुक्त श्री भास्कर लक्षकार और आईजी श्री अनुराग ने आगामी त्यौहारों के मद्देनजर संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स व एसपी के साथ चर्चा कर समीक्षा भी की। दोनों अधिकारियों ने जिला पुलिस अधीक्षकों से तैयारियों की जानकारी ली तथा उक्त संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

# केबीसी के वीडियो से 'दूध के सच' पर बहस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)




**इंदौर।** केबीसी में दूध और बछड़े के प्राकृतिक रिश्ते को लेकर हुई बातचीत के बाद इंदौर में 'दूध के सच' पर चर्चा शुरू हुई। इंदौर की 56 दुकान पर युवाओं ने 'डॉंट बिलीव द डेयरी टेल' थीम पर नुक्कड़ नाटक किया। इंदौर एनिमल लिबरेशन और वन जस्ट वर्ल्ड की ओर से आयोजित करीब 10 मिनट के इस नाटक में 15 कलाकार शामिल हुए। नाटक के जरिए लोगों को यह सोचने के लिए प्रेरित किया गया कि घरों तक पहुंचने वाले दूध के पीछे की पूरी कहानी क्या है। कलाकारों ने गाय और भैंसों के साथ होने वाले व्यवहार, उनके बछड़ों से संबंध और दूध देना बंद करने के बाद पशुओं की स्थिति जैसे मुद्दे उठाए।

आयोजकों के अनुसार, यह नाटक केबीसी के होस्ट अमिताभ बच्चन और प्रतियोगी सिद्धार्थ शर्मा के बीच हुई बातचीत से प्रेरित है। बातचीत में दूध के प्राकृतिक अधिकार और बछड़े के साथ उसके संबंध को लेकर सवाल उठाए गए थे। सोशल मीडिया पर बातचीत का वीडियो वायरल होने के बाद डेयरी उद्योग को लेकर चर्चा तेज हुई। इसी चर्चा को आगे बढ़ाने के लिए युवाओं ने गेम शो के अंदाज में यह नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नाटक में यह मुद्दा भी उठाया गया कि जब गाय या भैंस दूध देना बंद कर देती हैं, तो कई जगह उन्हें सड़कों पर छोड़ दिया जाता है। आयोजकों का कहना है कि ऐसे बेसहारा पशुओं के कारण सड़क हादसों का खतरा भी बढ़ता है। आयोजकों के मुताबिक, डेयरी से जुड़े मुद्दे केवल पशु कल्याण तक सीमित नहीं हैं। इनका संबंध सड़क सुरक्षा और पर्यावरण से भी है। फाउंडर दुर्गा बलानी के मुताबिक, यह अभियान देश के 10 शहरों में चलाया जा रहा है। चंडीगढ़, अहमदाबाद, हैदराबाद, इंदौर और नागपुर में कार्यक्रम हो चुके हैं। 30 अगस्त को मुंबई, पुणे, कोलकाता और हिसार में, जबकि 13 सितंबर को फरीदाबाद में नुक्कड़ नाटक किया जाएगा। बलानी ने कहा कि नुक्कड़ नाटक के जरिए युवाओं और आम लोगों तक सीधे पहुंचने की कोशिश की जा रही है। अभियान का उद्देश्य डेयरी उद्योग के उन पहलुओं पर बातचीत शुरू करना है, जिन पर आमतौर पर ज्यादा चर्चा नहीं होती।

## होटल में हिंदू युवती के साथ मिले 2 युवक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र स्थित स्कीम नंबर 114 पार्ट-1 के होटल 'सिल्वर पैलेस' में राजपूत करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने रविवार रात को हंगामा में कर दिया। उन्होंने होटल के कमरे में खजराना निवासी दो युवकों पर आरोप लगाए हैं कि वे एक हिंदू युवती को नशा करवाकर उसके साथ गलत काम कर रहे थे। बताया गया है कि सूचना मिलते ही करणी सेना के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पहले अपनी पहचान छिपाने की कोशिश की और खुद को 'लक्की' बताया। कड़ाई से पूछताछ करने पर उनकी पहचान खजराना निवासी फैजान खान और अमन खान के रूप में हुई। हंगामे के दौरान आरोपी अमन खान मौके से भागने में सफल हो गया। संगठन के कार्यकर्ताओं का कहना है कि अमन फर्जी पुलिसवाला बनकर लोगों को एमडी रखकर फंसाने की धमकी देता है और ब्लैकमेल करता है। दोनों खजराना और आसपास के इलाकों में बड़े पैमाने पर एमडी ड्रग्स और गांजा बेचने का अवैध कारोबार करते हैं। फैजान का मोबाइल चेक करने पर कई युवतियों के साथ अश्लील फोटो, वीडियो और चैटिंग मिली है। इसके अलावा मोबाइल में गांजे, एमडी और चाकू के फोटो भी बरामद हुए हैं। होटल के कमरे से शराब की बोतलें, बड़ी मात्रा में कंडोम और सेक्स वर्धक गोलियां मिली हैं। करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने आरोपी फैजान को पकड़कर लसूड़िया थाना पुलिस के हवाले कर दिया।

# अमेरिका की सिलिकॉन वैली में गूंजी अहिल्याबाई की गौरवगाथा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



**इंदौर। लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की गौरवगाथा अब अमेरिका की सिलिकॉन वैली में भी आकर्षण का केंद्र बनी। फ्रेमोंट शहर में आयोजित इंडिया डे परेड एंड फेयर-2026 में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर और मध्य प्रदेश की थीम 'एमपी-द इनोवेशन हब' पर तैयार झांकी को 'मोस्ट ब्यूटीफुल फ्लोट अवार्ड' से सम्मानित किया गया।**

भारत की स्वतंत्रता के 80वें और अमेरिका की स्वतंत्रता के 250वें वर्ष के आयोजनों की श्रृंखला के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति, विरासत और मध्यप्रदेश की उपलब्धियों को अमेरिकी धरती पर प्रदर्शित किया गया। झांकी में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के राष्ट्रनिर्माण, सुशासन, जनकल्याण और भारतीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में योगदान को प्रदर्शित किया गया। इसमें देशभर के मंदिरों के जीर्णोद्धार और कायाकल्प में उनके योगदान को भी दर्शाया गया। परेड के दौरान झांकी ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। इसके बाद निर्णायकों ने इसे 'मोस्ट ब्यूटीफुल फ्लोट अवार्ड' के लिए चुना। फेस्टिवल ऑफ ग्लोब के चेयरमैन डॉ. रमेश जापरा के आतिथ्य में हुए कार्यक्रम में इंदौर और मध्यप्रदेश से जुड़े बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। झांकी की ओर से यह पुरस्कार केपी माहेश्वरी, रितु माहेश्वरी और अमेरिकंस फॉर हिंदू के प्रेसिडेंट प्रमित माकोड़े ने प्राप्त किया।



### ●राखी से पहले हजारों श्रमिकों के लिए उमंग और उल्लास लेकर आई संबल योजना की राशि

# राज्य सरकार हमेशा श्रमिकों के साथ : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि श्रमिकों की सेवा, कल्याण और खुशी हमारे लिए सबसे पहले है। हमारे श्रमिक अपने खून-पसीने से विकसित मध्यप्रदेश की नींव तैयार कर एक-एक ईंट जोड़ रहे हैं। हर परिस्थिति में श्रमिकों की कठिनाई को दूर करना सरकार का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि श्रमिक परिवारों पर विपत्ति आने, घर चलाने वाले के असामयिक निधन, अचानक आर्थिक संकट आने पर लोग साथ छोड़ दें, परंतु हमारी सरकार कभी आपका साथ नहीं छोड़ेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री संबल योजना 2.0 मुश्किल समय में श्रमिकों को आर्थिक सहारा भी देती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मुख्यमंत्री निवास से प्रदेश के श्रमिक बंधुओं को वीडियो कान्फ्रेंसिंग से संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रक्षाबंधन से पहले श्रावण के अंतिम सोमवार को श्रम विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) 2.0 योजना के तहत दी जाने वाली अनुग्रह सहायता राशि की 11वीं किश्त के रूप में 203 करोड़ रुपये की सहायता राशि सिंगल क्लिक से पात्र हितग्राहियों के खातों में अंतरित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज प्रदेश के 9 हजार 149 संबल हितग्राहियों को मिली यह राशि इन सभी परिवारों में आनंद लेकर आई है। उन्होंने कहा कि संबल योजना ने प्रदेश के 1 करोड़ 84 लाख से अधिक श्रमिकों को सहारा दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कठिन समय में जब सभी रास्ते बंद होंगे, तब भी सरकार उनके साथ खड़ी है। यह राशि दुःख की घड़ी में बड़ी राहत लेकर आती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अगर जेब में पैसे हों, तो अनेक विपत्तियों का सामना करने की हिम्मत भी आ जाती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पिछला बैकलॉग खत्म करते हुए निर्बाध रूप से श्रम सहित सभी विभागीय योजनाओं के हितग्राहियों को सहायता राशि उपलब्ध करा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिलों से वीसी से जुड़े श्रमिक हितग्राहियों को श्रावण सोमवार और आने वाले रक्षाबंधन पर्व की मंगलकामनाएं दी।




### श्रमिकों के सम्मान और सुरक्षा से कोई समझौता नहीं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार श्रमिकों के सम्मान और सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रख रही है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश, देश का पहला ऐसा राज्य बना है, जहां 'श्रम शक्ति संहिता' लागू की गई है। इसके साथ ही सरकार ने 'श्रम स्टार रेटिंग' की शुरुआत भी हमने की है, ताकि श्रमिकों के सम्मान और सुरक्षा से कोई समझौता न हो। उन्होंने कहा कि हम श्रमिकों को उनके हुनर परिष्कृत कर मेहनत से आगे बढ़ना चाहते हैं। श्रमिकों को सहकारिता से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 'श्रमणा' योजना की शुरुआत की गई है।

### गर्भवती श्रमिक बहनों को 16 हजार की सहायता

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब संबल योजना की लाभार्थी श्रमिक बहनों को गर्भावस्था में आर्थिक चिंता नहीं करनी पड़ती है और मां-बच्चे को बेहतर पोषण मिल रहा है। राज्य सरकार पात्र गर्भवती श्रमिक बहनों को 16 हजार रुपये की सहायता राशि दे रही है। उन्होंने कहा कि अगर कोई श्रमिक अस्थायी रूप से दिव्यांग हो जाए, तो उसके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा न हो जाए, इसीलिए उसे अस्थायी दिव्यांगता हो जाने पर 1 लाख रुपये और स्थायी दिव्यांगता होने पर 2 लाख रुपये की सहायता संबल योजना के माध्यम से दी जा रही है।

## भाजपा एससी मोर्चा के जिलामंत्री ने किया सुसाइड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**खंडवा, एजेंसी। मध्यप्रदेश के खंडवा में राशन दुकान संचालक और भाजपा एससी मोर्चा जिला महामंत्री मनीष परदेशी ने सोमवार को सुसाइड कर लिया। उनका शव लक्कड़ बाजार स्थित घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना के समय परिजन शहर से बाहर थे।**

मनीष का एक दोस्त उनके घर पहुंचा था। दरवाजा अंदर से बंद था और काफी देर तक आवाज देने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद दोस्त ने दरवाजा तोड़ा और अंदर गया तो मनीष का शव फंदे पर लटका मिला। सूचना पर मोघट रोड पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर जिला अस्पताल भेजा। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। आत्महत्या की वजह भी अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस परिजनों के बयान लेने के साथ ही मृतक के कमरे की तलाशी लेगी। शुरुआती जांच में प्रेम-प्रसंग से जुड़ी परेशानी की आशंका सामने आई है। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस की जांच और परिजनों के बयान के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी।

मनीष भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला मंत्री थे। वे एक हिंदू संगठन के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। इसके अलावा वे सरकारी राशन दुकान चलाते थे। वे जिलेभर के राशन दुकान संचालकों की यूनियन के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

## पटवारी ने युवती से की अश्लील चैट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शहडोल, एजेंसी।** पटवारी ने एक युवती से वॉट्सऐप पर अश्लील चैट की है। चैट में पटवारी के कथित तौर पर 'LOVE YOU, तुम्हारी लिप्स चाहिए' और 'होटल में मिलते हैं, तुम अच्छी लगती हो' जैसे मैसेज हैं। युवती ने पटवारी पर अश्लील बातें करने और परेशान करने का आरोप लगाया है। सोहागपुर तहसील के हल्का नंबर 72 में पदस्थ पटवारी आशीष सोनकर पर युवती ने राजस्व संबंधी काम के बदले 20 हजार रुपए रिश्वत मांगने का भी आरोप लगाया है। युवती का दावा है कि वह 15 हजार रुपए दे चुकी है, जबकि 5 हजार रुपए बाकी हैं। इस संबंध में भी दोनों के बीच चैट में बातचीत होने का दावा किया गया है। युवती सोमवार को चैट के स्क्रीनशॉट और अन्य सबूत लेकर कलेक्टर के पास पहुंची। उसने पटवारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में युवती ने जमीन संबंधी काम और जाति प्रमाण-पत्र के लिए परेशान करने का भी आरोप लगाया है।

## आमजन भी बुक कर सकेंगे पीडब्ल्यूडी रेस्ट-हाउस...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** प्रदेश में लोक निर्माण विभाग के रेस्ट हाउस या गेस्ट हाउस में अब आमजन ऑनलाइन कमरा बुक कर ठहर सकेंगे और वहां उपलब्ध सेवाओं का लाभ ले सकेंगे। अब तक यह सुविधा सिर्फ अफसरों और जनप्रतिनिधियों को मिलती थी। लोक निर्माण विभाग ने प्रदेश के 267 रेस्ट हाउस में इसी माह से आमजन के लिए यह सुविधा शुरू कर दी है। यहां ठहरने के लिए विभाग द्वारा तय नई दरों के आधार पर भुगतान करना होगा। बुकिंग के लिए रेस्ट हाउस के कमरों और हॉल के अलग-अलग किराए तय किए गए हैं।

## जंगल में नाबालिग छात्रा से गैंगरेप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नर्मदापुरम, एजेंसी।** पचमढ़ी में नाबालिग छात्रा (17) से गैंगरेप का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक स्थानीय जिप्सी चालक और होटल में काम करने वाले दो युवकों को हिरासत में लिया है। आरोपियों पर पीड़िता के दोस्त को बंधक बनाकर वारदात को अंजाम देने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, पीड़िता पचमढ़ी में पढ़ाई करती है। 19 अगस्त की दोपहर करीब 2 बजे उसका एक स्कूल फ्रेंड उससे मिलने पचमढ़ी आया था। बस स्टैंड पर उसकी मुलाकात जिप्सी ड्राइवर हरिओम से हुई। उस समय हरिओम के साथ पवन बंसल और अभिषेक वंशकार भी मौजूद थे। इसके बाद सभी हरिओम की जिप्सी से घूमने निकले। आरोपी उन्हें दक्षिण स्काउट गाइड के पास स्थित जंगल में ले गए। वहां दोनों को डराया-धमकाया और विरोध करने पर छात्रा के दोस्त को जिप्सी से बांध दिया।

## पति को बुलाकर पुल से लगाई छलांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बड़वाह, एजेंसी।** खरगोन जिले में नर्मदा नदी पर बने मोरटक्का-ओंकारेश्वर एक्वाडक्ट पुल से महिला ने छलांग लगा दी। सुसाइड से पहले उसने पति को फोन कर मोरटक्का के पास बुलाया था। पति के मौके पर पहुंचने तक वह नर्मदा नदी के गहरे पानी में छलांग लगा चुकी थी। मृतक की पहचान पिंकी राठौर (27) पति भोला राठौर के रूप में हुई है। वह इंदौर की रहने वाली थी और उसका मूल निवास खारवा, झिरन्या बताया गया है। पत्नी की आत्महत्या के बाद शव देखकर पति बेहोश हो गया। कुछ देर बाद होश में आया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



# संपादकीय

## सुरक्षा सम्मेलन में तय हुई कड़े फैसलों की दिशा

दिल्ली में सोमवार से शुरू हुए दो दिवसीय 9वें राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति सम्मेलन में आतंकवाद और पाकिस्तान की प्रॉक्सी वॉर से निपटने, साइबर क्राइम, अवैध प्रवासियों की पहचान कर उन्हें वापस भेजने और ड्रग्स को कंट्रोल करने पर अहम चर्चा की गई। सम्मेलन की शुरुआत केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने की। इस अवसर पर गृह मंत्री शाह ने कहा कि आतंकवाद से निपटने के तरीके, मल्टी एजेंसी सेंटर (MAC) के जरिए इंटेलिजेंस को एक जगह इकट्ठा कर उसकी स्टडी कर उस पर काम करना, ड्रग्स पर वार, घुसपैठियों को बाहर निकालने समेत कई अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। इसमें साइबर-क्राइम और पाकिस्तान के प्रॉक्सी वॉर से निपटने के लिए पॉलिसी फ्रेमवर्क पर खास जोर दिया गया। ताकि भविष्य में पाकिस्तान द्वारा छद्म युद्ध का मुकम्मल जवाब दिया जा सके। शाह ने आतंकवाद और कट्टरपंथ से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए MHA की 'प्रहार' योजना को लागू करने के लिए ट्रेनिंग, भगोड़ों को वापस लाकर उनके खिलाफ ट्रायल में तेजी लाने और 'ट्रायल इन अब्सेंशिया' के प्रावधानों का इस्तेमाल करने पर भी जोर दिया। गृह मंत्री ने UAPA मामलों की जांच में एक व्यापक और एकीकृत दृष्टिकोण अपनाने की बात भी कही। गृह मंत्री ने निर्देश दिया कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी विभिन्न चुनौतियों का सामना करने के लिए SOP बनाने के लिए MAC प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध जानकारी का AI-आधारित विश्लेषण किया जाए। उन्होंने सभी एजेंसियों को घुसपैठ के खिलाफ सख्त कदम उठाने का निर्देश दिया। हाइब्रिड फॉर्मेट में शुरू हुई इस कान्फ्रेंस में देशभर से राज्य पुलिस और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के 850 अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

हेल्थ इज वेल्थ

# इन सब्जियों को साथ में खाने से होती है किडनी स्टोन? दूर कर लीजिए सारे शक



किडनी स्टोन यानी पथरी को लेकर खान-पान से जुड़ी कई बातें अक्सर सुनने को मिलती हैं। खासकर यह दावा कि दो खास सब्जियों को एक साथ खाने से किडनी में पथरी बन जाती है। हालांकि, ऐसा कोई पुख्ता वैज्ञानिक सबूत नहीं है कि किसी दो सब्जियों को साथ खाने भर से सीधे पथरी हो जाती है। किडनी स्टोन बनने के पीछे कई कारण हो सकते हैं। शरीर में पानी की कमी, ज्यादा नमक का सेवन, खाने में मौजूद ऑक्सलेट, कैल्शियम का संतुलन और व्यक्ति की अपनी स्वास्थ्य स्थिति इसमें अहम भूमिका निभाती है।

### क्या सब्जियां खाने से बनती है पथरी

आम तौर पर सब्जियां संतुलित और पौष्टिक डाइट का हिस्सा होती हैं। किसी खास सब्जी को किसी दूसरी सब्जी के साथ खाने से पथरी बनती है, इस बात को वैज्ञानिक तौर पर सही नहीं माना जाता। किडनी स्टोन कई तरह की होती है, लेकिन कैल्शियम ऑक्सलेट स्टोन सबसे आम प्रकारों में से एक है। ऑक्सलेट प्राकृतिक रूप से कई खाद्य पदार्थों में पाया जाता है। जब शरीर में कुछ परिस्थितियों के कारण कैल्शियम और ऑक्सलेट पेशाब में अधिक मात्रा में जमा होने लगते हैं, तो क्रिस्टल बन सकते हैं और आगे चलकर पथरी का रूप ले सकते हैं। इसलिए केवल दो सब्जियों के कॉम्बिनेशन को पथरी का कारण मानना सही नहीं होगा। किसी व्यक्ति में स्टोन बनने का खतरा उसकी पूरी डाइट, पानी पीने की आदत, स्वास्थ्य और पहले से मौजूद जोखिमों पर निर्भर करता है।

### पालक में होता है ज्यादा ऑक्सलेट

पालक उन खाद्य पदार्थों में शामिल है जिनमें ऑक्सलेट की मात्रा अपेक्षाकृत अधिक होती है। जिन लोगों को बार-बार कैल्शियम ऑक्सलेट स्टोन बनने की समस्या होती है, उन्हें डॉक्टर बहुत ज्यादा ऑक्सलेट वाले खाद्य पदार्थों का सेवन सीमित करने की सलाह दे सकते हैं। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि हर व्यक्ति को पालक खाना पूरी तरह बंद कर देना चाहिए। पालक में कई पोषक तत्व भी होते हैं और एक स्वस्थ व्यक्ति के लिए इसे सामान्य तौर पर संतुलित मात्रा में डाइट का हिस्सा बनाया जा सकता है। अगर किसी व्यक्ति को पहले किडनी स्टोन हो चुका है, तो उसके लिए डाइट इस बात पर निर्भर कर सकती है कि स्टोन किस प्रकार की थी। ऐसे में डॉक्टर या डाइटिशियन से व्यक्तिगत सलाह लेना ज्यादा सही रहता है।

### सिर्फ सब्जियां नहीं, कई दूसरी चीजों में भी ऑक्सलेट

ऑक्सलेट केवल पालक में ही नहीं होता। कई अन्य खाद्य पदार्थों में भी यह प्राकृतिक रूप से मौजूद होता है। इसलिए पथरी से बचने के लिए सिर्फ एक या दो सब्जियों को जिम्मेदार मानना सही तरीका नहीं है। किसी व्यक्ति के लिए ऑक्सलेट की कितनी मात्रा ठीक है, यह उसकी स्वास्थ्य स्थिति और पथरी के प्रकार पर निर्भर कर सकता है। इसी वजह से इंटरनेट पर मिलने वाली सामान्य डाइट लिस्ट हर व्यक्ति के लिए एक जैसी लागू नहीं होती।

### पानी की कमी पथरी का बड़ा कारण

किडनी स्टोन से बचाव में पर्याप्त पानी पीना सबसे महत्वपूर्ण आदतों में से एक है। जब शरीर में पानी की कमी होती है, तो पेशाब ज्यादा गाढ़ा हो सकता है। ऐसे में पेशाब में मौजूद कुछ पदार्थ आपस में जुड़कर क्रिस्टल बना सकते हैं, जो समय के साथ पथरी में बदल सकते हैं। इसलिए पूरे दिन पर्याप्त मात्रा में पानी पीना जरूरी है। खासकर गर्मी, ज्यादा पसीना आने या शारीरिक मेहनत के दौरान शरीर में पानी की कमी न होने दें।

### ज्यादा नमक खाने से भी बढ़ सकता है खतरा

खाने में बहुत ज्यादा नमक लेना भी किडनी स्टोन के जोखिम को बढ़ा सकता है। ज्यादा सोडियम का सेवन पेशाब में कैल्शियम की मात्रा बढ़ा सकता है, जिससे कुछ लोगों में कैल्शियम वाली पथरी बनने की संभावना बढ़ सकती है। इसलिए खाने में नमक की मात्रा सीमित रखना और बहुत ज्यादा नमकीन, पैकेज्ड या प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों का सेवन कम करना फायदेमंद हो सकता है।

### पथरी से बचने के लिए सब्जियों का कॉम्बिनेशन नहीं, पूरी डाइट देखें

अगर आपको पथरी से बचना है, तो केवल यह सोचने की जरूरत नहीं है कि कौन-सी सब्जी किसके साथ खानी चाहिए। इसके बजाय पानी का पर्याप्त सेवन, कम नमक और संतुलित खान-पान पर ध्यान देना ज्यादा जरूरी है। बिना किसी ठोस वजह के कई सब्जियों को डाइट से हटा देना भी सही नहीं है। सब्जियां शरीर को फाइबर, विटामिन और दूसरे जरूरी पोषक तत्व देती हैं। इसलिए किसी खाद्य पदार्थ को पूरी तरह बंद करने से पहले यह समझना जरूरी है कि वास्तव में उसकी जरूरत है या नहीं।

### जिन लोगों को पहले पथरी हो चुकी है, वे रखें खास ध्यान

अगर आपको पहले किडनी स्टोन हो चुकी है या बार-बार पथरी बनती है, तो अपनी डाइट खुद तय करने के बजाय डॉक्टर से सलाह लेना बेहतर है। पथरी का प्रकार पता चलने के बाद डॉक्टर आपके लिए ज्यादा सही खान-पान की सलाह दे सकते हैं। इसलिए 'इन दो सब्जियों को कभी साथ न खाएं' जैसी बातों पर आंख बंद करके भरोसा करने के बजाय अपनी स्वास्थ्य स्थिति को समझना जरूरी है। हर व्यक्ति के लिए पथरी का जोखिम एक जैसा नहीं होता और सही डाइट भी व्यक्ति की जरूरत के हिसाब से तय की जानी चाहिए।

New Delhi

# बेलगाम चीनी के दामों पर अब लगेगी लगाम... सरकार ने अचानक बदल दिया ये नियम

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** त्योहारी सीजन से पहले ही चीनी की बेलगाम होती कीमतों (Sugar Price Hike) को कंट्रोल में लाने के लिए सरकार ने तगड़ा एक्शन लिया है और कच्ची चीनी के आयात से जुड़े नियमों में बदलाव (Rule Change From Today) किया किया है. सरकार ने कच्ची चीनी के आयात नियमों में संशोधन किया गया, इसके तहत चीनी की जमाखोरी पर अंकुश लगाने के लिए सरकार ने 2 महीने के भीतर रिफाइनिंग और बिक्री अनिवार्य की.



चीनी की कीमतों में उछाल के बीच सरकार ने सोमवार को आयात की शर्तों में संशोधन किया और टैरिफ रेट्स कोटा (TRQ) के तहत देश में लाई गई कच्ची चीनी को दो महीने के भीतर सफेद/रिफाइंड चीनी में परिवर्तित करके घरेलू बाजार में बेचना अनिवार्य कर दिया गया है. इससे पहले के नियमों को देखें, तो आयातित कच्ची चीनी को उचित समय सीमा के भीतर और पर्याप्त समय पूर्व संसाधित करना जरूरी था, जिससे इसे 31 अक्टूबर, 2026 तक घरेलू बाजार में बेचा जा सके. अब संशोधित नियमों के तहत प्रोसेसिंग और बिक्री के लिए दो महीने की डेडलाइन तय कर दी गई है. चीनी आयात से जुड़े नियमों में बदलाव (Sugar Import Rule Change) की अधिसूचना वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी की गई है. इसका उद्देश्य आयातित कच्ची चीनी के भंडारण यानी जमाखोरी को रोकना है.

Odisha

## मां की हत्या कर किचन स्लैब के नीचे दफनाया शव, ऊपर से करा दी सीमेंट की चुनाई...

### बेटे की खौफनाक करतूत

**पुरी, (एजेंसी) ओडिशा के तीर्थ शहर पुरी में हत्या का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है. यहां एक व्यक्ति पर अपनी बुजुर्ग मां की हत्या करने और भागने से पहले किराए के घर में किचन के फर्श के नीचे शव दफनाने का आरोप है. यह घटना पुरी शहर के कुंभारापाड़ा इलाके की है. बताया जाता है कि मां-बेटे पिछले करीब दो महीने से किराए के मकान में रह रहे थे. इस भयानक अपराध का पता सोमवार को तब चला जब मकान मालिक को किचन से बदबू आई और उन्हें शक हुआ कि कुछ गड़बड़ है.**

पुलिस के मुताबिक महिला कई दिनों से दिखाई नहीं दी थी, जबकि उसका बेटा घर छोड़कर गायब हो गया था. बेटे के अचानक गायब होने और किचन से आ रही बदबू ने मकान मालिक और पड़ोसियों के मन में शक पैदा कर दिया. जब पुलिस घर पहुंची और किचन की जांच की, तो उन्हें फर्श/स्लैब का एक हिस्सा सीमेंट से नया-नया प्लास्टर किया हुआ लगा. इसके बाद पुलिस को शक हुआ कि इसके नीचे कुछ छिपाया गया है.

मौके पर एक साइंटिफिक टीम बुलाई गई और सीमेंट वाले हिस्से को तोड़ा गया. इसके बाद पुलिस ने सोमवार रात करीब 10:30 बजे किचन स्लैब के नीचे दफनाया गया महिला का सड़ा-गला शव बरामद किया. शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. मृतक महिला की पहचान अभी आधिकारिक तौर पर नहीं हो पाई है.

Gujrat

## अपने ही पैसे वापस मांगना पड़ा भारी, भाई जैसे करीबी दोस्त ने काट दिया चंद्रसिंह का गला, पत्नी ने दर्ज कराई हत्या की FIR

**जामनगर, (एजेंसी)** गुजरात के जामनगर शहर में रिश्तों को शर्मसार करने वाली हत्या की सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहां अपने ही पैसे वापस मांगना एक शख्स को इतना भारी पड़ा कि उसके माने हुए भाई ने चाकू से हमला कर उसकी जान ले ली. वारदात के बाद इलाके में सनसनी फैल गई. मृतक की पत्नी ने आरोपी के खिलाफ पुलिस में हत्या की शिकायत दर्ज कराई है.

मामला जामनगर के शंकर टेकरी इलाके का है, जहां सुभाषपारा-1 गली में पारसी कब्रिस्तान के पीछे देर रात एक व्यक्ति का खून से लथपथ शव मिला. शव मिलने की सूचना से आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया. सूचना मिलते ही सिटी सी-डिविजन पुलिस की टीम मौके पर पहुंची. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू की.

पुलिस की शुरुआती जांच में मृतक की पहचान चंद्रसिंह राठौड़ के रूप में हुई. उनके गले पर धारदार चाकू से किए गए गहरे घाव मिले. शरीर पर जख्म देखकर पुलिस ने प्रथम दृष्टया इसे हत्या का मामला माना और जांच पड़ताल शुरू की.

Haryana

## गुरमीत राम रहीम को 21 दिन की फरलो 17वीं बार जेल से बाहर आया रेप का दोषी

**रोहतक, (एजेंसी)** डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह मंगलवार सुबह हरियाणा के रोहतक स्थित हाई सिक्योरिटी सुनारिया जेल से बाहर आ गया। उसे 21 दिन की फरलो मंजूर हुई है। यह 2020 के बाद उसकी 17वीं अस्थायी रिहाई है।

राम रहीम सुबह करीब 6:05 बजे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जेल से बाहर निकला। जानकारी के मुताबिक, वह सिरसा स्थित डेरा मुख्यालय के लिए रवाना हुआ है। राम रहीम को दुष्कर्म और हत्या के अलग-अलग मामलों में सजा सुनाई जा चुकी है। वह इससे पहले 26 जून को 30 दिन की पैरोल पूरी करने के बाद सुनारिया जेल लौटा था। यानी करीब दो महीने से भी कम समय बाद उसे एक बार फिर अस्थायी रिहाई मिली है।

डेरा प्रमुख को अगस्त 2017 में दो महिला



अनुयायियों से दुष्कर्म के मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद सुनारिया जेल भेजा गया था। इसके बाद उसे अन्य मामलों में भी दोषी ठहराया गया, जिनमें सिरसा के पत्रकार राम चंद्र छत्रपति की हत्या का मामला भी शामिल है।

खेल

# दूसरे दिन ध्रुव जुरेल ने जड़ा शतक, भारत ने श्रीलंका को दिए शुरुआती झटके, फिलहाल 495 रन पीछे

**कोलंबो, (एजेंसी)** भारत और श्रीलंका के बीच दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल समाप्त हो गया है। भारत ने पहली पारी नौ विकेट पर 503 रन के स्कोर पर घोषित की। दिन का खेल समाप्त होने तक श्रीलंका ने पहली पारी में दो विकेट पर आठ रन बनाए हैं और वह अभी भारत से 495 रन पीछे चल रही है। स्टंप्स के समय कमिल मिशारा पांच रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। इससे पहले बारिश ने दिन के खेल में खलल डाला जिससे कुछ समय के लिए मैच को रोकना भी पड़ा।

### श्रीलंका ने गंवाए दो विकेट

भारत के लिए आज ध्रुव जुरेल ने शतक लगाया, जबकि ऋषभ पंत ने भी शानदार पारी खेली जिससे टीम इंडिया पहली पारी में 500 रन का आंकड़ा पार करने में सफल रही। जुरेल अंत तक नाबाद रहे और भारत ने



तीसरे सत्र में पारी घोषित करने का फैसला लिया। पहली पारी में श्रीलंका ने जल्द ही दो विकेट गंवा दिए हैं। लाहिरू उदारा (1) और प्रभात जयसूर्या 2 रन बनाकर पवेलियन लौट गए हैं। भारत के लिए अब तक प्रसिद्ध कृष्णा और मानव सुथार को एक-एक विकेट मिला है। अब तीसरे दिन भारतीय गेंदबाज श्रीलंका की पहली पारी जल्द समेटना चाहेंगे।

### भारत ने घोषित की पहली पारी

भारत ने आज पांच विकेट पर 300 रन से आगे खेलना शुरू किया और अपने स्कोर में 203 रन जोड़े। आज भारत ने चार विकेट गंवाए। इनमें सारांश जैन (6 रन), ऋषभ पंत (63 रन), मानव सुथार (18 रन) और मोहम्मद सिराज (3 रन) के विकेट शामिल हैं। जुरेल ने टेस्ट करियर का दूसरा शतक जड़ा। वहीं, पंत ने टेस्ट करियर की 21वीं फिफ्टी लगाई। इससे पहले कल भारत ने यशस्वी जायसवाल (45 रन), केएल राहुल (18 रन), शुभमन गिल (50 रन) और रवींद्र जडेजा (43 रन) के विकेट गंवाए थे। इसके अलावा देवदत्त पडिक्कल ने अपना दूसरा टेस्ट शतक जड़ा था। वह 193 गेंद पर 12 चौके की मदद से 117 रन बनाकर आउट हुए थे। श्रीलंका की ओर से असिथा फर्नांडो ने सबसे ज्यादा चार विकेट लिए। इसके अलावा प्रभात जयसूर्या और केशारा नुवांथा को दो-दो विकेट मिले। लाहिरू कुमारा ने एक विकेट लिया।

### जुरेल सातवें नंबर पर शतक लगाने वाले दूसरे भारतीय

ध्रुव जुरेल ने अपने टेस्ट करियर का दूसरा शतक लगाया। उन्होंने 171 गेंद पर शतक पूरा किया। जुरेल 99 के स्कोर के बाद भारी दबाव में दिखे थे। उन्होंने एक रन बनाने के लिए 13 गेंद ले लिए। उन्होंने दौड़कर एक रन पूरा तो किया, लेकिन अगर श्रीलंकाई फील्डर की डायरेक्ट हिट लगती तो वह पवेलियन लौटते। जुरेल श्रीलंका में सातवें नंबर पर टेस्ट शतक लगाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज हैं। उनसे पहले 2017 में हार्दिक पांड्या ने ऐसा किया था। उस समय ने हार्दिक ने पल्लेकल में 108 रन की पारी खेली थी।

सिनेमा

## बिकिनी या अंडरगारमेंट्स में राखी क्यों?, कृति सेनन के नए ऐड पर भड़कीं कंगना रनौत



कंगना रनौत ने कृति सेनन पर रक्षा बंधन वाले ऐड के लिए निशाना साधा है। कृति ने हाल में एक ऐड किया है, जिसमें वह ब्रालेट-स्टाइल के ब्लाउज में दिख रही हैं और अपने डॉग को राखी बांध रही हैं। इस पर रिएक्ट करते हुए कंगना ने पूछा कि क्या आप अपने भाई को बिकिनी में राखी बांधती हैं? कंगना ने इंस्टाग्राम स्टोरी पोस्ट करते हुए सवाल किया। उन्होंने लिखा, 'यह महिला होने का शानदार समय है। हमारी अलमारी तरह-तरह के कपड़ों से भरी हुई हैं। कॉकटेल ड्रेसेस से लेकर महंगा चोली तक, जींस से साड़ियों तक, बिकिनी से सलवार कमीज तक। इन सभी ऑप्शन में जो हमारे पास आज अवेलबेल हैं, इसके बाद भी आप अपने भाई को बिकिनी/अंडरगारमेंट्स में राखी क्यों बांधेंगी? आपके सारे स्टाइलिंग ऑप्शंस कहां हैं? हाहा, ऐड काफी क्रीपी लग रहा है।' दरअसल, रक्षाबंधन आने वाला है। 28 अगस्त को पड़ने वाले इस त्योहार को लेकर एक ऐड सामने आया है। इसमें कृति सेनन ने ब्रालेट-स्टाइल वाला ब्लाउज पहना हुआ है। इसके अलावा, ड्रेप्ड स्कर्ट में वह रक्षा बंधन मना रही हैं। इस ऐड पर काफी विवाद भी हो रहा है। सोशल मीडिया पर यूजर्स सवाल खड़े कर रहे हैं। वे पूछ रहे हैं कि ट्रेडिशनल ड्रेस पहनने के बजाए यह आउटफिट पहनना रक्षा बंधन जैसे त्योहार पर, कहां तक सही है। एक यूजर ने एक्स पर लिखा है कि कृति सेनन ने अपने भाई को राखी बांधने के समय ब्रा पहनी हुई है। लेकिन आप इन लोगों को ईद या क्रिसमस में मजाक करते नहीं देखेंगे।

## Highlights

1. 10 quintals of insect-infested 'chhena rasgullas' seized in Ghaziabad
2. Suvendu says will ensure Mamata doesn't come out of house, she says 'Does that mean house arrest?'
3. No need to be Marathi experts: Fadnavis to auto drivers amid protests
4. Elephant walks while dogs bark, says BPSC official on Bihar protests, sparks backlash
5. Amazon, Instamart & BigBasket lose food licence over selling poisonous Datura in K'taka
6. Ayodhya seer abuses Congress leader on live DD News UP debate, video goes viral
7. 2 children aged 7 and 11 leave home in UP after watching 24-hour hiding challenge on YouTube

# A not-so-sweet surprise: How India went from a year of possible sugar glut to shortage & high prices ahead of festivals

**NEW DEIHI, (Agency).** Buying a packet of sugar in any of the major metros today will set you back by roughly 40% more than a fortnight ago. The reason: A severe supply crunch. This has prompted the government to fortify sugar stores at the onset of the festive season which traditionally begins with Onam and Rakshabandhan in August.



India went from a possible glut, to a serious dearth of sugar in a year.

At the beginning of this sugar season (October 1, 2025; it ends on September 30, 2026), the government and the industry prepared for a surplus. Sugar production was expected to rise sharply, diversion to produce ethanol was expected to be lower, and mills were pressing for permission to export more sugar to prevent stocks and dues to cane farmers from piling up.

Industry body Indian Sugar and Bio-energy Manufacturers Association (ISMA), expected sugar output at 34.90 million tonnes (MT) in its first preliminary estimate released in July 2025 for the 2025-26 season. This represented a 18.3% year-on-year increase from 29.6 MT the year before. This was reiterated at its annual conference in September.

Based on the estimate, the government allowed the industry to export sugar earlier in the season. This was starkly different from the year before. In the 2024-25 season, the government had allowed 1 million tonnes of exports only in January 2025, whereas for the current season it approved an initial 1.5 million tonnes in November 2025, soon after the season began . It allowed export of another 500,000 tonnes in February.



# फर्स्ट एसी कोच में चूहे ने पूर्व अफसर को काटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। ऊना-इंदौर एक्सप्रेस के फर्स्ट एसी कोच में सफर कर रहे 78 साल रिटायर्ड अफसर यात्री की नाक पर चूहे ने काट लिया। घटना रविवार रात में सोते समय हुई। चूहे के काटने से कोच में हड़कंप मच गया। इंदौर पहुंचने के बाद परिजन बुजुर्ग को कोकिलाबेन अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टर्स ने उन्हें रेबीज का पहला इंजेक्शन लगाया।**





परिजन के मुताबिक, ट्रेन में सफर शुरू करने के कुछ समय बाद ही कोच में चूहा दिखाई देने लगा था। परिवार ने रेलवे कर्मचारियों को इसकी जानकारी दी। कोच में गंदगी की शिकायत भी की। कर्मचारियों ने सफाई कर दी, लेकिन पेस्ट कंट्रोल नहीं किया। बुजुर्ग यात्री एचपी करण क्लास-वन रिटायर्ड अफसर हैं। शनिवार को परिवार के साथ चंडीगढ़ से इंदौर आने के लिए ट्रेन में सवार हुए थे। उनके बेटे विजय के मुताबिक, ट्रेन में बैठने के कुछ समय बाद ही कोच में चूहा दिखाई दिया। इसकी शिकायत रेलवे स्टाफ से की थी। परिवार के मुताबिक, रात करीब साढ़े 10 बजे एचपी करण अपनी सीट पर सो रहे थे। इसी दौरान चूहे ने उनकी नाक पर काट लिया। घटना के बाद परिवार ने रेलवे कर्मचारियों को इसकी जानकारी दी। इंदौर पहुंचने के बाद परिजन उन्हें सीधे कोकिलाबेन अस्पताल लेकर गए। यहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर रेबीज से बचाव के लिए पहला इंजेक्शन लगाया। इसके बाद उनकी चिकित्सा निगरानी की गई।

पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि चूहे के काटने की घटना तब हुई, जब ट्रेन आगरा रेलवे मंडल क्षेत्र से गुजर रही थी। घटना के बाद यात्री को प्राथमिक इलाज दिया गया। रेलवे अधिकारी ने बताया कि ट्रेन के इंदौर से ऊना रवाना होने से पहले निर्धारित एंटी-रोडेंट यानी चूहा नियंत्रण प्रक्रिया की गई थी। संभावना है कि यात्रा के दौरान किसी स्थान पर कोच का दरवाजा खुला रहने पर चूहा अंदर आ गया हो।

# क्राइम ब्रांच के तत्कालीन टीआई सहित 4 पर एफआईआर

## महिला से 1.20 लाख की रिश्वत ली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लोकायुक्त पुलिस ने इंदौर क्राइम ब्रांच के तत्कालीन टीआई सहित चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। लोकायुक्त के मुताबिक शिकायतकर्ता महिला के बेटे को एक शिकायत के सिलसिले में क्राइम ब्रांच कार्यालय बुलाया गया था। उसके खिलाफ कार्रवाई नहीं करने और छोड़ने के एवज में रिश्वत की मांग की गई थी।**

लोकायुक्त ने शिकायत के सत्यापन और उपलब्ध तकनीकी साक्ष्यों की जांच की। इसके बाद सोमवार (24 अगस्त) को भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम की धारा 7 और बीएनएस की धारा 61(2) के तहत केस दर्ज कर लिया गया। बता दें, टीआई सुजीत श्रीवास्तव वर्तमान में डीआरपी लाइन में हैं, जबकि दोनों कांस्टेबल क्राइम ब्रांच में ही पदस्थ हैं। लोकायुक्त के अनुसार- तुलसी नगर निवासी प्रीति हजारी ने 2 अप्रैल 2026 को लोकायुक्त पुलिस से शिकायत की थी। बताया था कि उनके बेटे प्रांजल हजारी को एक शिकायत के आधार पर क्राइम ब्रांच कार्यालय बुलाया गया था। मामले में कार्रवाई नहीं करने और प्रांजल को छोड़ने के बदले तत्कालीन क्राइम ब्रांच टीआई सुजीत श्रीवास्तव और अन्य पुलिसकर्मियों ने उससे 1.20 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। 20 मार्च को प्रांजल से 50,800 रुपए यूपीआई के जरिए दीपक पटेल नाम के एक व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर करवाए गए। शेष 70 हजार रुपए नकद लिए गए। शिकायतकर्ता ने लोकायुक्त को आवेदन के साथ इस लेन-देन से जुड़े तकनीकी साक्ष्य भी उपलब्ध कराए थे। शिकायत मिलने के बाद लोकायुक्त एसपी राजेश सहाय के निर्देश पर शिकायत का सत्यापन कराया गया। इस दौरान शिकायतकर्ता की ओर से उपलब्ध कराए गए तकनीकी साक्ष्यों और अन्य तथ्यों की जांच की गई। सत्यापन में शिकायत प्रथम दृष्टया सही पाए जाने के बाद चारों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया।

# छात्रा ने अपने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** तेजाजी नगर इलाके में रविवार को 20 वर्षीय कॉलेज छात्रा ने अपने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय छात्रा की मां और बड़ी बहन घर से बाहर थीं। दोनों वापस लौटीं तो दरवाजा अंदर से बंद था। काफी आवाज लगाने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला तो आसपास के लोगों की मदद से गेट खोला गया। अंदर छात्रा फंदे पर लटकी मिली।

तेजाजी नगर पुलिस के मुताबिक मृतका की पहचान निकिता (20) पुत्री शिवनारायण मालवीय निवासी मोरोद गांव के रूप में हुई है। उसके पिता हम्माली करते हैं, जबकि मां एक हॉस्टल में काम करती हैं। परिवार में निकिता की बड़ी बहन मुस्कान भी है। रविवार को मुस्कान किसी काम से मार्केट गई थी, जबकि निकिता घर पर अकेली थी। कुछ देर बाद मां और बहन वापस लौटीं तो निकिता ने दरवाजा नहीं खोला। इसके बाद उन्होंने आसपास के लोगों को बुलाया और दरवाजा खुलवाया। अंदर निकीता फंदे पर मिली।

निकिता आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज में सेकंड ईयर की पढ़ाई कर रही थी। इसके साथ ही वह निजी कंप्यूटर क्लास भी जाती थी। पिता के मुताबिक निकिता पढ़ाई में अच्छी थी और उसे किसी तरह की परेशानी होने की जानकारी परिवार को नहीं थी। परिवार ने किसी प्रेम संबंध से भी इनकार किया है। पुलिस को मौके से फिलहाल कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस छात्रा के मोबाइल की जांच करेगी। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पूर्व पार्षद के भतीजे से 60 लाख की धोखाधड़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** द्वारकापुरी थाना पुलिस ने पूर्व पार्षद के भतीजे की शिकायत पर एक दंपति के खिलाफ 60 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। आरोप है कि दंपति ने पेट्रोल पंप में साझेदारी देने के नाम पर 2017 से 2022 के बीच अलग-अलग किस्तों में यह रकम ली। साझेदारी का एग्रीमेंट नहीं किया और रुपए भी वापस नहीं किए। शिकायत और जांच के बाद पुलिस ने सोमवार को दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। पुलिस के अनुसार, गुमाश्ता नगर निवासी श्रीकांत लड्ढा की शिकायत पर आरोपी सावन दुबे और उसकी पत्नी पूजा दुबे निवासी श्रीजी वैली कॉलोनी, बिचौली मर्दाना के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। श्रीकांत ने बताया कि दंपति से उनके पारिवारिक संबंध थे और दोनों परिवारों का एक-दूसरे के घर आना-जाना था। श्रीकांत के मुताबिक, 2017 के आखिरी में सावन और पूजा ने उनके पिता से फ्यूल स्टेशन में निवेश करने की बात कही थी। उन्होंने बताया था कि पिपल्या देवास में पूजा दुबे के नाम से जय अंबे पेट्रोलियम है, जबकि आशापुरा सरदारपुर में सावन एक फ्यूल स्टेशन संचालित करते हैं। श्रीकांत ने साझेदारी के लिए 2017 से 2022 के बीच अलग-अलग रकम बैंक खाते के जरिए दंपति को दी।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक